हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

05 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- केंद्र सरकार की प्रमुख योजना "स्वच्छ भारत मिशन" ने देश में शिशु एवं बाल मृत्यु दर को कम करने में मदद की ।
- हरियाणा में विभानसभा चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई ।
  पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उचाना से नामांकन पत्र दाखिल किया।
- पूर्व मंत्री रणजीत सिंह चौटाला और कर्ण देव कंबोज सहित कुछ नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से त्याग पत्र दिया।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि बी.जे.पी अनुशासित पार्टी है कार्यकर्ताओं को मना लिया जायेगा।
- कुरुक्षेत्र,पंचकूला और कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारियों ने पडोसी राज्यों के सीमावर्ती जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधिकारीयों से आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर चर्चा की।

.................................................................

केंद्र सरकार की प्रमुख योजना "स्वच्छ भारत मिशन" ने देश में शिशु और बाल मृत्यु दर को कम करने में मदद की है। यह खुलासा एक शोध पत्रिका द्‌वारा प्रकाशित "स्वच्छ भारत मिशन" के तहत शौचालय निर्माण

और भारत में शिशु मृत्यु दर शीर्षक से कराए गए अध्ययन में किया गया है।अध्ययन में 2014 से 2020 तक की अवधि को शामिल किया गया, जिसमें सरकार ने 10 करोड से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया था। अध्ययन में कहा गया है कि 2003 में देश के अधिकांश जिलों में जन्म लेने वाले एक हजार बच्चों पर 60 से अधिक बच्चों की मृत्यु हो जाती थी। हालाँकि, 2020 तक, अधिकांश जिलों में शिशु मृत्यु दर 30 बच्चों तक रह गई।इस अध्ययन को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बेहतर शौचालय तक पहुंच शिशु और बाल मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित स्वच्छता सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए परिवर्तनकारी बन गई है और उन्हें खुशी है कि भारत ने इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उचाना से जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री चौटाला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का नाम लिए बिना उन पर सियासी हमले किए।उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह को करनाल की जगह लाडवा से टिकट मिलने पर तंज़ कसा और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की सूची आने के बाद प्रदेश बीजेपी में मची अफरा- तफरी पर व्यंग्य किया। उन्होंने कहा कि जननायक

जनता पार्टी के तो सात विधायक गए हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी के कई विधायक छोड़ कर जा रहे हैं। पंचकूला विधानसभा में पहले दिन एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० यश गर्ग ने बताया कि पहला नामांकन राइट टू रिकॉल पार्टी की तरफ से कृष्ण कुमार नेगी ने दाखिल किया। काबिले गौर है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है और नामांकन पत्र 16 सितंबर तक वापिस लिए जा सकेंगे।

*******************************************************

*******************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर तीर्थ पहुंचकर ऐतिहासिक महाभारत कालीन वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। श्री नायब सिंह ने जब भी चुनाव लड़ा है उन्होंने हर बार ज्योतिसर में पूजा अर्चना कर अपने अभियान की शुरुआत की है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लाडवा विधानसभा से चुनाव लड़ने से पहले आज मुख्यमंत्री ने ज्योतिसर में पहुंचकर पूजा अर्चना की उनके साथ राज्य मंत्री सुभाष सुधा भी मौजूद रहे।

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने टिकट न मिलने पर पार्टी से इस्तीफ़ा दे दिया है।पूर्व मंत्री रणजीत सिंह चौटाला इस्तीफ़ा देकर सरकार से अलग हो गए हैं। अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि वो रानियां विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।वहीं बीजेपी के हरियाणा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य सुनील राव, रतिया से पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा और पूर्व मंत्री कर्ण देव कंबोज ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया है।सोनीपत में

बीजेपी के युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित जैन और चरखी दादरी में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष विकास, बीजेपी नेत्री सीमा गैबीपुर और पूर्व विधायक सुखविंदर श्योराण ने भी पार्टी से किनारा कर लिया है।उल्लेखनीय है कि पार्टी ने पहली सूची में मौजूदा नौ विधायकों को जगह नहीं दी है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा है कि चुनाव में टिकट न मिलने से नेताओं व कार्यकर्ताओं का आहत होना स्वाभाविक है। एक विधानसभा क्षेत्र से कई कार्यकर्ता चुनाव लडना चाहते हैं लेकिन टिकट एक ही कार्यकर्ता को मिल सकता है।श्री बिप्लब कुमार देब आज रोहतक में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी अनुशासित पार्टी है। कार्यकर्ताओं को मना लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी संगठन के माध्यम से काम करती है, संगठन ही सर्वोपरि है। जहां तक टिकट वितरण की बात है जातीय और राजनीतिक समीकरण एवं हरियाणा के हित को ध्यान में रखा गया है।

हरियाणा में मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कुरुक्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को उपायुक्त सुशील सारवान ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को "सही पोषण-देश रोशन" नारे के तहत पोषण अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई गई।पोषण अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।

विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पंजाब सीमा से लगते क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता के पालन व कानून व्यवस्था को लेकर कैथल जिले

के निर्वाचन अधिकारी डा. विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया ने आज पटियाला रेंज के उप महानिरीक्षक , संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की और किए गए इंतजामों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। डॉ. विवेक भारती ने बताया कि पंजाब सीमा से लगते क्षेत्रों में कुल 38 मतदान केंद्र हैं। अंतर्राज्यीय सीमा से लगते क्षेत्रों में 7 स्थाई पुलिस नाके लगाए गए हैं, जो निरंतर वाहनों की जांच कर रहे हैं। इसके साथ-साथ 5 स्टैटिक सर्विलांस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया ने कहा कि कानून व्यवस्था के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की नियुक्ति की गई है। इसके साथ-साथ अर्ध सैनिक बल के जवान भी लगाए गए हैं। सीमा पर नियमित नजर रखी जा रही है।

---

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण □ग से सम्पन्न करवाने के लिए पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षको के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।बैठक में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर, सोलन और बद्दी, पंजाब के मोहाली और चंडीगढ़ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।डा. यश गर्ग ने कहा कि बैठक का उद्देश्य चुनाव के दौरान आपसी तालमेल स्थापित करना और शराब, नशीले पदार्थ, हथियार, नकदी व अवांछित व्यक्तियों की आवाजाही पर रोक लगाना था।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चंडीगढ़ में शराब का कोटा ज्यादा है और मूल्य भी कम हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान चंडीगढ़ से शराब की आपूर्ति पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है ।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुरुक्षेत्र जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र से सटी पंजाब सीमा पर भी अलग-अलग स्थानों पर 3 नाको के साथ साथ जिले में 27 और नाके लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ बैठकें की है ताकि चुनावों के दौरान तालमेल के साथ किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अलावा कुरुक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तीन कंपनियां भी तैनात की गई हैं। शहर के प्रवेश मार्गों पर विशेष नाकाबंदी की गई है और हरियाणा पुलिस के जवान भी तैनात किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से चुनाव को प्रभावित करने वाली अनैतिक और आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन के चंडीगढ़ संभाग के सानिध्य में चंडीगढ़ के सेक्टर-31 स्थित केंद्रीय विद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन अधिष्ठापन कार्यक्रम कल संपन्न हो गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों ओडिशा, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब के नवनियुक्त प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि कार्यक्रम में रोज़गारपरक शिक्षा को स्कूली शिक्षा में समाहित करने पर बल दिया गया और केंद्रीय

शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित प्रेरणा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया गया। संसाधक वीरेंद्र कुमार वर्मा ने शिक्षकों द्वारा छात्रों के बहुआयामी एवं चहुंमुखी विकास पर भी बल दिया।